पंजाब केसरी
WED,13 MAY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 3

सोनिका ने किया सी.आर.एस.यू. का नाम रोशन

जींद, 12 मई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की प्रतिभावान खिलाड़ी सोनिका ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता 3 से 7 मई तक कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर में आयोजित की गई। मिस सोनिका की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन में खुशी का माहौल है।

विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने विजेता खिलाड़ी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार की नकद राशि देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं, जो पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी मिस सोनिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने विगत वर्षों में भी वुशु प्रतियोगिताओं में ओवरऑल चैंपियनशिप एवं कई पदक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की मजबूत खेल संस्कृति और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 13-05-2026

छात्रा सोनिका ने वुशू प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक, वीसी ने की 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा

जींद| सीआरएसयू की छात्रा सोनिका ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता 3 से 7 मई तक कश्मीर विश्वविद्यालय में हुई। वीसी रामपाल सैनी ने सोनिका को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। प्रोत्साहन के तौर पर 25,000 रुपए नकद देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखा रहे हैं। यह पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। कुलसचिव सीमा गुप्ता ने भी सोनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। खेल निदेशक नरेश देशवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों में भी वुशू में ओवरऑल चैंपियनशिप जीती है।

अमर उजाला
हर सवेरे नया जोश नया उजाला

Date-13.05.2026

सोनिका ने वुशु स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की खिलाड़ी सोनिका ने कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

तीन से सात मई तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सोनिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कुलपति प्रो. राम पाल सैनी ने सोनिका के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपये की नकद राशि देने की घोषणा की।

कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने सोनिका की मेहनत और अनुशासन को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

वुशु में जीत हासिल करने पर मेडल दिखाती हुई खिलाड़ी सोनिका। स्रोत : विवि